Motion for Election to the Committee onPublic Undertakings

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SURESH PACHOURI): Sir, I move:

"That this House concurs in the recommendation of the Lok Sabha thai the Rajya Sabha, do agree to nominate one member from Rajya Sabha to associate with the Committee on Public Undertakings of the Lok Sabha for the unexpired portion of the term of the Committee *vice* Shri Jibon Roy, who retired from Rajya Sabha and do proceed to elect in such manner as the Chairman may direct, one Member from among the Members of the House to serve on the said Committee."

The question was put and the motion was adopted.

MATTERS RAISED WITH PERMISSION

Need for a discussion before bringing into effect Foreign Direct investment in the retail sector

डा. मुरली मनोहर जोशी (**उत्तर प्रदेश**):सभापति जी, आपकी आज्ञा से संक्षेप में मैं एक महत्वपूर्ण चर्चा सदन के सामने रखना चाहता हूँ।

श्री मूल चन्द मीणा (**राजस्थान**):क्या परमिशन ली है आपने?

श्री सभापति:परमिशन ली है।

डा. मुरली मनोहर जोशी:सभापति जी, हम लोगों ने खुदरा व्यापार में सीधे विदेशी निवेश के संबंध में सदन में बहस के लिए प्रस्तावित किया था और उसे स्वीकार कर लिया था। यह बहस बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे देश के करोड़ों लोगों का जीवन संबंधित है और साथ ही साथ यह एक महत्वपूर्ण नीति का विषय भी है जिस पर सदन में गंभीरता के साथ चर्चा होनी चाहिए। यह चर्चा आपने स्वीकार की थी और यह कल की लिस्ट ऑफ बिजनेस में भी थी। पहले बहस के रुप में यह स्वीकार हुई थी और बाद में हमें यह बताया गया कि मंत्री महोदय के पास पूरा समय नहीं है इसलिए इसको एक अल्पकालिक प्रश्न के तौर पर लिया जा सकता है। हमें उसमें भी कोई आपत्ति नहीं थी और उसी के अनुसार यह कल की कार्यसूची में प्रसारित कर दी गई थी। लेकिन आज हमने देखा कि उसका उल्लेख उसमें नहीं हैं। श्रीमन् यह एक बहुत महत्वपूर्ण मामला है और इस बीच में माननीय प्रधान मंत्री जी का भी एक बयान आया जिसमें उन्होंने यह कहा कि वे विदेशी निवेशी के